https://kscInmu.ac.in Contact/Fax-06272-23362

# KUNWAR SINGH COLLEGE

A constituent unit of L.N Mithila University, Darbhanga
**Estd.1970**

*Principal*

Letter No:-
Date:-

## सूचना

स्नातक प्रथम सेमेस्टर, शैक्षणिक सत्र–2025–2026 में अध्ययनरत सभी छात्राओं को सूचित किया जाता है कि अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप में आवेदन प्रथम चरण 10 सितम्वर से 30 सितम्बर 2025 तक एवं द्वितीय चरण 10 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक आवेदन https://azimpremjifoundation.org/wat-we-do/education/azim-permji-scholarship के माध्यम से ऑनलाईन स्वीकार किए जाएंगे

Kumar 27/09/25

नोडल पदाधिकारी

छात्रवृति विभाग

पत्रांक 19/एम 1–29/2025 – 119
शिक्षा विभाग
(उच्च शिक्षा निदेशालय)

प्रेषक,

प्रो० (डॉ०) एन० के० अग्रवाल,
निदेशक (उच्च शिक्षा)

सेवा में,

कुलसचिव,
राज्य के सभी परंपरागत विश्वविद्यालय,
बिहार।

पटना, दिनांक– 17/09/2025

विषयः– उच्च शिक्षा निदेशालय अन्तर्गत विश्वविद्यालयों के अधीन स्नातक महाविद्यालयों के प्रथम वर्ष में नामांकित छात्राओं के लिए अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप में आवेदन करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अजीम प्रेम जी फाउंडेशन से प्राप्त पत्र की छाया प्रति संलग्न करते हुए कहना है कि उच्च शिक्षा निदेशालय अन्तर्गत विश्वविद्यालयों के अधीन स्नातक महाविद्यालयों के प्रथम वर्ष में नामांकित छात्राओं के लिए अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप के अन्तर्गत चयनित छात्राओं को प्रथम स्नातक पाठ्यक्रम की सम्पूर्ण अवधि के लिए सालाना रू0 30,000/– की राशि प्रदान की जाएगी। जिसका उपयोग ट्यूशन फीस या शिक्षा संबंधी अन्य खर्च के लिए कर सकती है। आवेदन की पूरी प्रक्रिया निशुल्क है और सभी आवेदन https://azimpremjifoundation.org/what-we-do/education/azim-premji-scholarship/ के माध्यम से ऑनलाईन स्वीकार किए जाएंगे।

इस स्कॉलरशिप के लिए वे सभी छात्राएँ पात्र है जिन्होंने :–

1. कक्षा 10वी और कक्षा 12वी दोनो की पढ़ाई किसी सरकारी स्कूल से नियमित छात्रा के रूप में पूरी की हो।

2. शैक्षणिक सत्र 2025–26 में किसी मान्यता प्राप्त स्नातक डिग्री या डिप्लोमा पाठ्यक्रम (अवधि 2 से 5 वर्ष) के प्रथम वर्ष में नियमित छात्रा के रूप में प्रवेश लिया हो।

इस स्कॉलरशिप के लिए आवेदन 2 चरणों में लिए जाएंगे :–

**चरण 1.** 10 सितम्बर से 30 सितम्बर 2025

**चरण 2.** 10 जनवरी से 31 जनवरी 2026

अतः अनुरोध है कि अपने अपने विश्वविद्यालय अन्तर्गत सभी स्नातक महाविद्यालयों के प्राचार्यो को उक्त योजना के अंतर्गत छात्राओं को स्कॉलरशिप आवेदन करने हेतु यथाशीघ्र सूचित किया जाए। इस हेतु महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में प्रचार–प्रसार भी कराया जाए।

अनु०–यथोक्त।

विश्वासभाजन
17.9.25
(एन0 के0 अग्रवाल)
निदेशक (उच्च शिक्षा)